# विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
# नेट-ब्यूरो

Code No. : 63

विषयः जन संचार और पत्रकारिता

पाठ्यक्रम

## इकाई-1

**पत्रकारिता और जन संचारः परिचय**

(a) पत्रकारिता और जन संचार की संकल्पना तथा भारत में जन संचार।

(b) भारत में मुद्रण एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया का इतिहास, संवृद्धि और विकास।
भारतीय भाषाओं में मुद्रित तथा इलेक्ट्रोनिक मीडिया के क्षेत्र में प्रमुख मीलस्तंभ, भारत के राज्यों के संरूपण में मीडिया की भूमिका।

(c) मीडिया आलोचना और मीडिया साक्षरता, भारतीय प्रेस कौंसिल और प्रेस आयोग, भारत में पत्रकारिता और मीडिया शिक्षा की स्थिति, स्वतन्त्र होने के समय से भारतीय सरकार की मीडिया-नीति।

(d) जन संचार के मॉडल और सिद्धान्त, मानकीय सिद्धान्त, संचार में प्रशासनिक एवं आलोचनात्मक परम्परायें, मीडिया और पत्रकारिता अध्ययन, संचार तथा सामाजिक-सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं कृषिक परिवर्तन के सिद्धान्त। प्रौद्योगिकीय निर्धारणवाद, मीडिया और संचार तथा मार्क्सवादी उपागमों पर मार्शल मक्लुहन के दृष्टिकोण की मीमांसा, सूचना और नॉलेज सोसाइटीज।

(e) वैदिक युग से लेकर 21 वीं शताब्दी तक संचार की भारतीय परम्परायें एवं उपागम। संचार के संबंध में पाश्चात्य एवं पूर्वी दार्शनिक, नैतिक एवं सौंदर्यशास्त्रीय ग्रहण बोध- अरस्तु और प्लेटो, हिन्दू, बौद्ध और इस्लामी परम्परायें।

(f) मीडिया और संस्कृति – वैश्वीकृत दुनिया में संस्कृति को समझने का ढांचा। भारत में राजनीतिक-आर्थिक और सामजिक-सांस्कृतिक विकास के संदर्भ में वैश्वीकरण।

# इकाई-2

## विकास तथा सामाजिक परिवर्तन के लिए संचार

(a) विकास संचार की संकल्पना और परिभाषा, समाज में मीडिया और पत्रकारिता की भूमिका - भारतीय समाज के अभिलक्षण – संचार, मीडिया और पत्रकारिता का जनसांख्यिकीय और समाज शास्त्रीय प्रभाव, मीडिया और विशिष्ट श्रोता-दर्शक।

(b) विकास तथा सामाजिक परिवर्तन, मुद्दे और उत्तर औपनिवेशिक अवधारणाएं।

(c) संचार और विकास के प्रमुख प्रतिमानों का विखंडन। प्रमुख मॉडलों पर प्रतिक्रिया तथा उनकी समालोचना

(d) विकास का निगमीकरण– कारपोरेट का सामाजिक उत्तरदायित्व, विकास में गैर-राजकीय कर्ता, गैर-सरकारी संगठनों (एन जी ओ), भारत सरकार, अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों और कर्पोरेट जगत् द्वारा जन अभियान । विकास संचार के प्रतिमान और विमर्श ।

(e) वैश्विक सिविल सोसायटीज, लोक क्षेत्र, वैश्विक संचार प्रणाली का उद्भव – राष्ट्र, राज्य, विश्वस्तरीय, राष्ट्रीय संचार नीति।

(f) भारत में समाज सुधार को प्रभावित करने वाले अग्रणी व्यक्ति – राजा राममोहन राय, पण्डित मदनमोहन मालवीय, बाल गंगाधर तिलक, महात्मा ज्योतिबा फूले, महात्मा गांधी, आचार्य विनोबा भावे, डा. बी. आर. अम्बेडकर, दीन दयाल उपाध्याय, डा. राम मनोहर लोहिया इत्यादि।

# इकाई-3

## रिपोर्टिंग और सम्पादन

(a) समाचार – संकल्पनाएँ, निर्धारक तत्त्व (मूल्य), संरचना और परिप्रेक्ष्य। मुद्रित मीडिया, रेडियो, दूरदर्शन और डिजिटल मीडिया के लिए रिपोर्टिंग। रिपोर्टिंग के प्रकार। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसियां और फीचर सिंडिकेट, कार्य तथा भूमिका।

(b) मुद्रित मीडिया, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल समाचार मीडिया के लिए लेखन। अनुवाद तथा अनुसर्जन।

(c) मुद्रित, टेलीविजन और डिजिटल मीडिया के लिए सम्पादन तथा प्रस्तुतिकरण की तकनीकें।

(d) पत्रकारिता एक व्यवसाय के रूप में, समकालीन मुद्दों का रिपोर्ताज, समाचार रिपोर्टिंग की आचार नीति।

(e) पाश्चात्य समाचार मूल्यों की समालोचना, वैश्विक संचार प्रवाह पर नई प्रौद्योगिकी का प्रभाव।

(f) नेश (Niche) रिपोर्टिंग।

# इकाई-4

**विज्ञापन एवं विपणन संचार**

(a) विज्ञापन की परिभाषा, संकल्पना, प्रकार एवं क्रमविकास, विज्ञापन के मानदण्ड और आचारनीति, विज्ञापन में संचार के सिद्धान्त और मॉडल।

(b) ब्रांड प्रबन्धन।

(c) विज्ञापन प्रबन्धन-एंजेसियों की भूमिका, संरचना और कार्य, ग्राहक-एंजेसी सम्बन्ध, मीडिया नियोजन और बजटिंग।

(d) विज्ञापन और सृजनात्मकता, भाषा और अनुवाद।

(e) विज्ञापन अभियान और विपणन।

(f) विज्ञापन और विपणन शोध।

# इकाई-5

**जन सम्पर्क और कार्पोरेट संचार**

(a) जन सम्पर्क और कार्पोरेट संचार – परिभाषा, संकल्पना और विषय-क्षेत्र।

(b) राज्य में सरकारी, निजी तथा गैर सरकारी क्षेत्रों में जन सम्पर्क का ढांचा।

(c) जन सम्पर्क के उपकरण और तकनीकें एवं कार्पोरेट संचार।

(d) संकट संचार और संकट संचार प्रबन्धन।

(e) जन सम्पर्क की आचार नीति।

(f) अन्तर्राष्ट्रीय जन सम्पर्क और संचार लेखा – परीक्षा।

# इकाई-6

**मीडिया से संबंधित विधि तथा आचारनीति**

(a) भारत तथा विश्व के अन्य देशों में विधि और आचारनीति की अवधारणा।

(b) भारत का संविधान, इसका ऐतिहासिक क्रमविकास और प्रासंगिकता।

(c) भारत के संविधान में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता की अवधारणा।

(d) मानहानि, अपमान लेख, अपमान वचन – आई पी सी 499-502, देशद्रोह आई पी सी 124 (ए), अदालत की अवमानना अधिनियम, 1971, शासकीय गुप्त-बात अधिनियम, 1923, प्रेस और पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1867, श्रमजीवी पत्रकार और अन्य समाचार-पत्र कर्मचारी, (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1955, मजदूरी बोर्ड, अश्लीलता के विरूद्ध कानून (आई पी सी की धारा 292-294), मिल्लर परीक्षण, हिकलिन परीक्षण, स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986, अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989, संसदीय विशेषाधिकार पत्रकारों और समाचार मीडिया संगठनों से संबंधित प्रसिद्ध मामले।

(e) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005, प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957, बौद्धिक सम्पदा का अधिकार, केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (प्रासंगिक) 2000 और साइबर कानून, चलचित्र अधिनियम, 1952, फिल्म सेंसरशिप,समय-समय पर संशोधित प्रेस कौंसिल अधिनियम; आई पी आर, ए एस सी आई, औषधि और चमत्कारिक उपचार (आक्षेपणीय विज्ञापन) अधिनियम, 1954, प्रिंट, टीवी, विज्ञापन, जन सम्पर्क और इण्टरनेट के लिए विभिन्न नियामक निकाय।

(f) प्रेस कौंसिल ऑफ इंडिया, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और अन्य व्यावसायिक संगठनों द्वारा मीडिया के लिए संस्तुत नियम, विनियम तथा मार्गदर्शी सिद्धान्त, मीडिया की विरोधात्मक भूमिका, मानवाधिकार और मीडिया।

# इकाई-7

## मीडिया प्रबन्धन और प्रस्तुतिकरण

(a) मीडिया प्रबन्धन की परिभाषा और संकल्पना। इलेक्ट्रोनिक मीडिया का व्याकरण।

(b) संचार अभिकल्प सिद्धान्त और व्यवहार।

(c) मीडिया में निर्माण की तकनीकें– मुद्रित तथा इलेक्ट्रोनिक।

(d) डिजिटल मीडिया में निर्माण की तकनीकें।

(e) भारत में मॉस मीडिया का अर्थशास्त्र और वाणिज्य।

(f) उदारीकरण के बाद मीडिया इंडस्ट्री में सिद्धान्त और प्रबंधन।

# इकाई-8

## आई सी टी और मीडिया

(a) आई सी टी और मीडिया – परिभाषा, अभिलक्षण और भूमिका। कंप्यूटर मीडिएटेड संचार का प्रभाव, मास मीडिया पर आई सी टी का प्रभाव, डिजिटलीकरण
(b) सोशल नेटवर्किंग
(c) वेब सक्षमित मीडिया का अर्थशास्त्र और वाणिज्य
(d) मीडिया द्वारा मोबाइल तथा टेलीफोनी की नवीन पीढी से अनुकूलन, आचार नीति और नवीन मीडिया
(e) भारत में शिक्षा एवं विकास में आई सी टी, ऑन लाइन मीडिया और ई– गवर्नेंस
(f) एनिमेशन – अवधारणाएँ और तकनीकें

# इकाई-9

## फिल्म और दृश्य संचार

(a) फिल्म और टेलीविजन सिद्धान्त।
(b) भारतीय फिल्म अध्ययनों में फिल्म तथा सरूपता, स्वतन्त्रता से पूर्व और पश्चात भारत के प्रमुख फिल्म निर्देशक।
(c) भारतीय टेलीविजन के विश्लेषण के उपागम।
(d) दृश्य संचार। दृश्य विश्लेषण।
(e) फिल्मों की भाषा और सौदंर्यबोध के मूल सिद्धान्त, प्रमुख फिल्म प्रतिमान, भारतीय सिनेमा का क्रम विकास- व्यवसायिक और गैर व्यवसायिक सिनेमा विधाएँ, हिन्दी फिल्मी गीत, भारतीय सौदंर्यशास्त्र एवं काव्यशास्त्र (रस एवं ध्वनि सिद्धान्त)।
(f) राष्ट्रीय सिनेमा आन्दोलन: सोवियत मोंटेज सिनेमा, जर्मन एक्सप्रेशनिस्ट सिनेमा, इटालियन नियो-रियलिस्टिक सिनेमा, फ्रेंच न्यू वेव सिनेमा, इंडियन न्यू वेव सिनेमा, पीरियड सिनेमा, न्यू मिलेनियम में सिनेमा।

# इकाई-10

## संचार शोध

(a) संचार शोध प्रक्रिया की परिभाषा, अवधारणा, रचना तथा उपागम।
(b) शोध अभिकल्प - प्रकार, संरचना, घटक, शास्त्रीय, प्रायोगिक एवं अर्ध-प्रायोगिक, चर तथा प्राक्कल्पना; शोध के प्रकार एवं प्रविधियां; मूल, अनुप्रयुक्त, विश्लेषणात्मक, वर्णनात्मक, ऐतिहासिक, केस अध्ययन, देशांतरीय अध्ययन।

(c) पत्रकारिता, जनसम्पर्क, विज्ञापन, सिनेमा, एनिमेशन तथा ग्राफिक्स में शोध, टेलीविजन, इंटरनेट, सोशल मीडिया कार्यप्रणाली, पत्रिकायें, बाल मीडिया। भारत में संचार, पत्रकारिता और मीडिया शोध।

(d) मापन के स्तर: प्रतिचयन-प्रायिकता, एवं गैर प्रायिकता, वैधता और विश्वसनीयता का परीक्षण, अनुमापन प्रविधि। डाटा संग्रहण की विधियां तथा उपकरण – साक्षात्कार, सर्वेक्षण, केस अध्ययन, ऑब्ट्रयूसिव तथा नान - ऑब्ट्रयूसिव विधियां, नृवंश विज्ञान शिड्यूल, प्रश्नावली, डायरी, तथा इंटरनेट आधारित साधन, जी ई सी (जनरल एण्टरटेनमेंट कांटेंट) से संबंधित मीडिया-विशिष्ट विधियां जैसे एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल, टेलिफोन तथा एस एम एस सर्वेक्षण एवं वोटिंग।

(e) डाटा विश्लेषण, परीक्षण, विवेचन, सांख्यिकीय परीक्षणों का अनुप्रयोग-प्राचलिक एवं अप्राचलिक, विचरण के परीक्षण– एकल विचरण, द्विविचरण और बहु-विचरण, सार्थकता परीक्षण, कंप्यूटर मीडिएटेड शोध।

(f) संचार में आचारनीतिपरक विचारणीय बिन्दु, मीडिया तथा पत्रकारिता शोध, शोध-प्रतिवेदन लेखन, साहित्यिक चोरी।